मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 163 ■ शुक्रवार, 11 सितंबर 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

आईफोन 18 के लॉन्च इवेंट में पहुंची तृप्ति डिमरी

# आयुक्त के ख़िलाफ़ BJP हाई कोर्ट में

## स्वीकृत नगरसेवकों का मामला

## BJP शहर जिला अध्यक्ष राजेश वढारिया ने दायर की याचिका







■ **आज होगी सुनवाई**

**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने 7 स्वीकृत नगरसेवकों के सिलेक्शन प्रोसेस पर रोक लगा दी है। BJP ने प्रोसेस को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित रखने के फ़ैसले के ख़िलाफ़ बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है। हाई कोर्ट ने मनपा आयुक्त को फटकार लगाई है. इसकी सुनवाई आज (शुक्रवार) सुबह 11 बजे होगी. 7 सितंबर को, जब उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में स्वीकृत नगरसेवक के लिए एप्लीकेशन फ़ाइल करने में कुछ ही घंटे बचे थे, आयुक्त ने एक स्टे ऑर्डर सर्कुलर जारी किया। कमिश्नर ने पहले शिंदे सेना की पूजा भोईर और अजीत सिंह लबाना की नगरसेवक पद कैंसिल कर दी थी और यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उनके वकीलों ने इस मुद्दे पर महापौर अश्विनी निकम को लिखा था। महापौर ने 4 सितंबर को कमिश्नर को सरकार से इस पर साफ़ निर्देश मिलने तक प्रोसेस रोकने का निर्देश दिया था। मेयर के लेटर के बाद, कमिश्नर ने तुरंत स्पेशल जनरल मीटिंग और एप्लीकेशन लेने के प्रोसेस को रोक दिया।

### शिवसेना-BJP में विवाद बढ़ा

मेयर के रुख और कमिश्नर की हरकतों की वजह से शिंदे सेना और BJP के बीच की दूरी बढ़ गई है। दोनों तरफ के लोकल नेता अब एक-दूसरे पर गंभीर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

### BJP का आक्रामक रुख

BJP ने कमिश्नर को 6 उम्मीदवारों के एप्लीकेशन सौंपे हैं। BJP शहर जिला अध्यक्ष राजेश वढारिया ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। वढारिया ने मांग की है कि कमिश्नर का ट्रांसफर किया जाए और उनके कार्यकाल की जांच की जाए।

### BJP के निशाने पर नगर निगम कमिश्नर

उल्हासनगर मनपा में एक साथ सत्ता में काबिज BJP और शिंदे सेना के बीच अंदरूनी विवाद एक बार फिर सामने आ गया है, क्योंकि कमिश्नर ने अप्रूव्ड कॉर्पोरेटर चुनने की प्रक्रिया को अनिश्चित समय के लिए टाल दिया है। मेयर के लेटर के आधार पर कमिश्नर मनीषा अव्हाले द्वारा अप्रूव्ड कॉर्पोरेटर चुनने की प्रक्रिया को सस्पेंड करने के बाद BJP में नाराजगी थी। BJP के पदाधिकारी कह रहे हैं कि स्वीकृत नगरसेवक चुनने की प्रक्रिया को रद्द करने पर कमिश्नर का रवैया ठीक नहीं है। कुल मिलाकर, इस तरह कमिश्नर BJP के निशाने पर आ गए हैं, और BJP ने दबी आवाज़ में पार्टी नेताओं से उनके ट्रांसफर की मांग शुरू कर दी है।

# वंचित बहुजन आघाड़ी में अंदरूनी कलह भड़की

■ **जिलाध्यक्ष मनोज और सोनू पवार पर एट्रोसिटी दर्ज**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर स्थित कुर्ला कैंप इलाके में वंचित बहुजन आघाड़ी पार्टी का अंदरूनी झगड़ा सामने आया है, और नगरसेवक विकास रतन खरात की शिकायत पर विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज पांडू पवार और सोनू पांडू पवार के खिलाफ एट्रोसिटी समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। 7 सितंबर की रात आरोपियों ने डिफेंडर कार से खरात की कार का दरवाजा खोलने की कोशिश की। यह भी आरोप है कि उन्होंने जातिसूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी बताया गया है कि नगरसेवक सुरेखा सोनावणे और उनके पति के साथ बदसलूकी की गई। आरोप है कि यह घटना मनोनीत नगरसेवक चुनाव में मतभेद और जनवरी में हुए मनपा चुनाव को लेकर दुश्मनी के कारण हुआ। विठ्ठलवाड़ी पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# गुटखा, नशीले पदार्थ विक्रेताओं पर कार्रवाई

■ **गुटखा विक्रेताओं में हड़कम्प**

■ **लाखों का गुटखा, 20 हाथगाड़ी जब्त**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद अतिक्रमण विरोधी पथक ने पुलिस बंदोबस्त के बीच शहर के चौक, नाका, रेलवे स्टेशन परिसर, स्कूल और महाविद्यालय परिसर से अनधिकृत गुटखा एवं तंबाकू जन्य पदार्थ को जब्त किया है. 20 हाथगाड़ियों को भी जब्त किया गया है. नपा मुख्याधिकारी एवं नगराध्यक्षा ने नशामुक्त अंबरनाथ करने का निश्चय कर लिया है. शहर के अनेक टपरियों, हाथगाड़ियों पर बेचने के लिए रखे गए गुटखा को नपा अतिक्रमण विरोधी पथक ने बुधवार को कार्रवाई की है. इससे पूर्व भी ऐसी ही कार्रवाई की गई थी. शहर पश्चिम पुलिस विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शब्बीर सय्यतद एवं शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पाटिल के सहकार्य से आवश्यक पुलिस बंदोबस्त लेकर ये कार्रवाई की गई है. स्कूल, महाविद्यालय परिसर एवं सार्वजनिक ठिकानों पर अनधिकृत तौर पर गुटखा, तंबाकूजन्य पदार्थ बेचे जाने से विद्यार्थियों में ये नशे की लत ना पड़ जाए. ऐसी नपा प्रशासन को शिकायतें प्राप्त होने के बाद ये कार्रवाई की गई है. ये जब्त किया गया सामान अंबरनाथ नगर परिषद विरोधी पथक के अधिकारी नरेंद्र संखे की निगरानी में पथक द्वारा ये कार्रवाई करने से गुटखा, तंबाखू जन्य पदार्थ विक्रेताओं में हड़कम्प मच गया है. सार्वजनिक ठिकानों पर अतिक्रमण कर के व्यवसाय करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी. ऐसा नरेंद्र संखे ने कहा है.

# उल्हासनगर क्राईम ब्रांच ने पकड़ा शातिर बाईक चोर



**उल्हासनगर.** बदलापुर और उसके आस-पास के इलाकों में दोपहिया वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अनुराग उर्फ गुड़िया विजय अदारी है। उल्हासनगर, बदलापुर और उसके आस-पास के इलाकों में मोटरसाइकिल चोरी की बढ़ती घटनाओं के कारण क्राइम ब्रांच के अधिकारी और कर्मचारी इन अपराधों की जांच कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को मिली गोपनीय जानकारी के आधार पर तेजी से जांच की गई और आरोपी को ढूंढ निकाला गया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद जब उससे पूछताछ की गई तो पता चला कि वह दोपहिया वाहन चोरी के अपराधों में शामिल था। पुलिस ने उसके पास से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। इस कार्रवाई से दोपहिया वाहन चोरी के तीन मामलों का खुलासा हुआ है। इस बीच क्राइम ब्रांच यह जांच कर रही है कि आरोपी के खिलाफ पहले भी ऐसे ही अपराध दर्ज हैं या नहीं और उसने और कितने दोपहिया वाहन चुराए हैं। आरोपी को आगे की जांच के लिए बदलापुर पुलिस को सौंप दिया गया है।

# नाबालिग लड़की से बलात्कार आरोपी को 10 साल की जेल

**कल्याण.** उल्हासनगर के एक व्यक्ति को कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय ने 15 वर्षीय लड़की का अपहरण कर बलात्कार करने के आरोप में 10 साल की जेल और 5,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पी. पी. मुल्ये ने यह फैसला सुनाया। मामले में 16 साल बाद फैसला सुनाया गया है।

आरोपी का नाम अजहर उर्फ बड़ू मुश्ताक कुरैशी (39) है। वर्ष 2011 में अजहर ने 15 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न किया था। उसके खिलाफ उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच कर कल्याण न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने इस्माइल को भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(आई) के तहत सजा सुनाई है। सचिन कुलकर्णी ने सरकारी पार्टी की तरफ से काम किया। एम. एच. सावंत आरोपी की तरफ से कोर्ट में पेश हुए।

■ **क्या है मामला?**

अज़हर ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। उसे उत्तर प्रदेश के लखनऊ ले जाया गया और वहाँ उसका धर्म बदल दिया गया। और बाद में अज़हर ने उससे मुस्लिम रीति-रिवाजों से शादी कर ली, सरकारी पार्टी ने कोर्ट को बताया। कोर्ट ने आरोपियों द्वारा पीड़िता की नाबालिग उम्र पर उठाए गए सवालों को खारिज कर दिया।

कोर्ट ने साफ किया कि उसकी सहमति के बिना और उसे कोई जानकारी दिए बिना उसका इस्लाम में धर्म बदल दिया जाना भी बहुत गंभीर बात है और इसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अज़हरला कुरैशी को दस साल जेल की सज़ा सुनाई, क्योंकि पक्के सबूतों से यह साबित हो गया कि आरोपी ने जुर्म किया था। कोर्ट ने सरकार को डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी के ज़रिए पीड़ित को मदद देने का निर्देश दिया।

# मनपा के सड़क कामों के टेंडर में गैर-कानूनी 'क्लबिंग'

■ **विपक्ष की नेता का आरोप**

■ **टेंडर कैंसिल करने की मांग**

उल्हासनगर. विपक्ष की नेता अंजलि साल्वे ने आरोप लगाया कि महानगर पालिका के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट द्वारा सड़क सुधार के लिए पब्लिश किए गए ई-टेंडर में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां और सरकारी फैसलों का उल्लंघन हुआ है। साल्वे ने कहा है कि वह कमिश्नर को लिखकर इस टेंडर को कैंसिल करने की मांग करेंगी और सरकार को इस बारे में बताएंगी।



### स्टैंडिंग कमेटी में सब्जेक्ट को मंजूरी

जांच पेंडिंग है और ऑब्जेक्शन दर्ज हो चुके हैं, इसके बावजूद प्रशासन ने इस विवादित प्रपोजल को स्टैंडिंग कमेटी के एजेंडा में 'टॉपिक नंबर 7' के तौर पर लाया। साल्वे ने स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन कलवंत सिंह सोहता और सभी मेंबर्स को लेटर भेजकर इस गैर-कानूनी टेंडर का कड़ा विरोध जताया और प्रपोजल को रिजेक्ट करने की रिक्वेस्ट की। हालांकि, इस सब्जेक्ट को एकमत से मंजूरी मिल गई है।

उल्हासनगर मनपा में टेंडर को लेकर जहां पार्षदों और समर्थकों के बीच लड़ाई और आरोप-प्रत्यारोप चल रहे हैं, वहीं विपक्ष की नेता अंजलि साल्वे ने टेंडर प्रोसेस को लेकर फिर से हंगामा खड़ा कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि गैर-कानूनी 'क्लबिंग' के जरिए एक ही कॉन्ट्रैक्टर को कई काम दिए जा रहे हैं। पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट ने 14 अगस्त, 2026 को शहर में अलग-अलग सड़क कामों के लिए ई-टेंडर पब्लिश किया था। हालांकि, महाराष्ट्र सरकार के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के 19 सितंबर, 2017 के सरकारी फैसले के मुताबिक, हर काम के लिए अलग टेंडर जारी करना ज़रूरी है। इसके बावजूद, एडमिनिस्ट्रेशन ने सारे कामों को एक साथ 'क्लब' कर दिया और एक ही बड़ा टेंडर जारी कर दिया। यह नियमों का साफ उल्लंघन है और साल्वे को शक है कि यह कमी खास कॉन्ट्रैक्टर्स के फायदे के लिए निकाली गई थी।

### मनपा आयुक्त से जांच की मांग

31 अगस्त, 2026 को विपक्ष के नेता साल्वे ने नगर निगम कमिश्नर को लेटर लिखकर पूरे टेंडर प्रोसेस को सस्पेंड करके जांच की मांग की थी। असल में, एडमिनिस्ट्रेशन ने इस टेंडर को मंजूरी देने के लिए खास पावर्स का इस्तेमाल किया, जिससे ट्रांसपेरेंसी पर सवाल उठ रहे हैं।

# अंबरनाथ - रात में तेज़ केमिकल की गंध से दहशत

■ **मोरिवली MIDC में प्रदूषण का मसला गंभीर**

■ **नागरिकों में डर का माहौल**

**अंबरनाथ.** दिन भर इंडस्ट्रीज़ की चहल-पहल और रात में हवा में पुराने केमिकल के धुएं की गंध एक बार फिर मोरिवली MIDC इलाके के लोगों के लिए सिरदर्द बन गई है। सोमवार (7 तारीख) की रात को बी केबिन रोड, निसर्ग ग्रीन और मोरिवली इलाके में अचानक पुराने केमिकल के धुएं की गंध फैलने से लोगों में डर का माहौल बन गया। लोगों का कहना है कि इस गैस की वजह से सड़क पर कोहरा जैसा माहौल बन गया है।

स्थानीय लोगों ने पहले भी दावा किया है कि MIDC में कुछ फैक्ट्रियों से रात में केमिकल गैस निकल रही है। सोमवार रात को पुराने धुएं की गंध के कारण कई लोगों ने अपने घरों के दरवाज़े और खिड़कियां बंद कर लीं। कुछ लोगों ने आंखों और गले में जलन और सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की।

गौरतलब है कि करीब छह महीने पहले भी अंबरनाथ में केमिकल के धुएं का मुद्दा चर्चा में आया था। उस समय महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने लोगों की शिकायतों पर ध्यान देकर कार्रवाई की थी। कुछ कंपनियों को सील कर दिया गया था, जबकि कई इंडस्ट्रीज़ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। अब लोगों ने मांग की है कि बोर्ड रात में सरप्राइज़ इंस्पेक्शन करे और हवा के सैंपल ले, और दोषी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करे।

### कार्रवाई का वादा

इस मामले में महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि इलाके की जांच की जाएगी और ज़हरीली गैस या केमिकल धुएं का सोर्स पता लगाया जाएगा। अगर संबंधित कंपनी या इंडस्ट्री की पहचान हो जाती है, तो उनके खिलाफ नियमों के मुताबिक सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## चेन स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार

**कल्याण.** बाजारपेठ पुलिस ने चेन स्नैचिंग मामले में कृष्णा उर्फ भूषण मिलिंद गायकवाड़ को गिरफ्तार कर दो वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने उसके पास से 2.40 लाख रुपए का चोरी का माल और 50 हजार रुपए कीमत की मोटरसाइकिल सहित कुल 2.90 लाख रुपए का माल बरामद किया। 2 सितंबर को आधारवाड़ी चौक के पास आशालता अहिनवे के गले से आरोपी ने पता पूछने के बहाने करीब 6 ग्राम वजन का मंगलसूत्र झपट लिया था।

# नपा इंजीनियरों की कुर्सी शौचालय में रख दी

## शहर की खराब सड़कों की दुरुस्ती के लिए नगरसेवक ने किया अनोखा आंदोलन

**अंबरनाथ.** गणेशोत्सव को केवल तीन दिन शेष रहने के बावजूद शहर के खराब गड्ढेमय रास्तों को अब तक दुरुस्त नहीं किए जाने के विरोध में नगरसेवक विकास सोमेश्वर ने नपा कार्यालय में एक अनोखा आंदोलन किया. बांधकाम विभाग के अधिकारी अपने स्थान पर उपस्थित ना होने के कारण उनकी कुर्सियों को शौचालय में ले जाकर रख दिया और अपना निषेध व्यक्त किया. नगर परिषद को कई बार निवेदन देने के बाद भी शहर की खराब सड़कों को दुरुस्त नहीं किए जाने पर रोष में आकर विकास ने ये कदम उठाया है. उन्होंने बताया कि गणेशोत्सव के समय शहर की खराब सड़कें नागरिकों के लिए बड़ी समस्या बन गई है. गणेश मूर्ति के आगमन के लिए केवल तीन दिन शेष रहने के बावजूद नगर परिषद बांधकाम विभाग के इंजीनियर राजेश तडवी ध्यान नहीं दे रहे हैं और लगातार अपने काम में दिरंगाई कर रहे हैं. गत दिनों विकास ने बांधकाम इंजीनियर की खाली कुर्सी का शाल और हाल पहनाकर उनका मजाक उड़ाया था. आज फिर वह रास्तों के गड्ढे की समस्या को लेकर इंजीनियर के केबिन में गए तो फिर इंजीनियर उपस्थित नहीं थे. अबकी बार उन्होंने खाली कुर्सियों को उठाकर शौचालय में ले जाकर रख दिया और केबिन के समक्ष जमीन पर बैठकर आंदोलन किया. इस आक्रामक आंदोलन के बाद भी क्या नपा प्रशासन जागेगा और गणेशजी के आगमन से पूर्व शहर की खराब सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा. ऐसी चर्चा शहर में शुरू है.

# कल्याण-डोंबिवली में 1000 करोड़ रुपये का निवेश घोटाला

■ **5000 इन्वेस्टर्स के साथ ठगी**

■ **आर्थिक अपराध शाखा ने शुरू की जांच**




**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली इलाके में करीब 5000 लोगों पर एक बड़े इन्वेस्टमेंट स्कैम में ठगी का आरोप लगा है। इन्वेस्टर्स के मुताबिक, इस स्कैम की कुल रकम 1000 करोड़ रुपये तक हो सकती है। इनमें से करीब 3000 इन्वेस्टर्स ने चेक से पेमेंट किया है और करीब 2000 ने कैश में इन्वेस्ट करने का दावा किया है। इनमें से 100 से ज़्यादा इन्वेस्टर्स ने ठाणे की इकोनॉमिक ऑफेंस इन्वेस्टिगेशन ब्रांच और डोंबिवली के रामनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

पता चला है कि इस पूरे इन्वेस्टमेंट नेटवर्क में प्रशांत अंगाने और कॉनकैनस्मार्ट जैसी कंपनियों के साथ-साथ प्रोगेन रेंटल सर्विसेज़ भी शामिल हैं। इन्वेस्टर रसिका सावंत ने शिकायत में कहा है कि यह दो साल पहले कॉनकैनस्मार्ट के साथ शुरू हुआ था। जहां इन्वेस्टर्स से अटका हुआ इन्वेस्टमेंट वापस दिलाने का वादा करके 10 परसेंट, 30 परसेंट या 50 परसेंट एक्स्ट्रा देने को कहा जाता था। प्रशांत अंगाने के पिछले फाइनेंशियल क्राइम के लिए गिरफ्तार होने और बेल पर रिहा होने के बाद, प्रोगेन रेंटल सर्विसेज़ के ज़रिए इन्वेस्टर्स को फिर से एक्स्ट्रा पैसे देने के लिए मनाया गया। शिकायत के मुताबिक, इसके बाद इन्वेस्टर्स से पहले से अटकी हुई रकम पर 15 परसेंट और देने को कहा गया। कुछ महीने तक थोड़ा रिफंड देने के बाद पेमेंट फिर से रोक दिया गया। अगस्त 2025 से 5 परसेंट रिटर्न का लालच दिखाकर नए इन्वेस्टमेंट जमा किए गए। हालांकि, इसे भी बिना किसी पहले से नोटिस के रोक दिया गया। इसके बाद इन्वेस्टर्स से कहा गया कि अगर वे तीन महीने तक पैसे होल्ड पर रखेंगे तो उन्हें 7.5 परसेंट रिटर्न मिलेगा।

आखिरकार, पुलिस ने कंप्लेंट स्वीकार कीं

शुरुआत में, यह आरोप लगाया गया था कि पुलिस ऑफिसर कंप्लेंट करने वालों के साथ कोऑपरेट नहीं कर रहे थे। हालांकि, अब अधिकारियों ने मामले पर संज्ञान लिया है। आर्थिक अपराध शाखा और रामनगर पुलिस ने शिकायतें स्वीकार कर ली हैं और जांच शुरू कर दी है और इन्वेस्टर्स से जांच के लिए और जानकारी और डॉक्यूमेंट्स मांगे गए हैं। इस मामले में, जोन 3 के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस अतुल ज़ेंडे ने कहा कि शिकायतों की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रसिका सावंत ने इस इन्वेस्टमेंट फ्रॉड केस में शामिल महिला इन्वेस्टर्स को एक साथ लाने के लिए नारी शक्ति नाम का एक टेलीग्राम ग्रुप बनाया था। हालांकि, उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि उन पर इस ग्रुप को डिलीट करने का दबाव बनाया जा रहा है और धमकी दी जा रही है। रसिका ने अपनी शिकायत में यह भी बताया है कि प्रशांत अंगाने ने एक वीडियो में अपनी पहचान और हम क्या कर सकते हैं, इस बारे में बयान दिया था।

### आमरण अनशन की चेतावनी

हजारों इन्वेस्टर्स से कितना पैसा इकट्ठा किया गया? इस पैसे का इस्तेमाल कहां किया गया? और बकाया रकम वापस करने का सही इंतज़ाम क्या है? एक इन्वेस्टर, सीनियर सिटिज़न मीना अगाशे ने कंपनियों से जुड़े फाइनेंशियल ट्रांज़ैक्शन, बैंक अकाउंट्स और प्रॉपर्टीज़ की जांच की मांग की है। उन्होंने कंपनियों से जुड़े फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन, बैंक अकाउंट और प्रॉपर्टी की जांच की मांग की है। इन्वेस्टर्स ने फेयर जांच, इन्वेस्ट किए गए पैसे की रिकवरी और कथित धमकियों या दबाव से सुरक्षा की मांग की है। बार-बार कोशिश करने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला है। इन्वेस्टर्स ने शांतिपूर्ण विरोध और आमरण अनशन की भी चेतावनी दी है क्योंकि उनका इन्वेस्ट किया हुआ पैसा वापस नहीं किया जा रहा है। इस बीच, 2021 से इन्वेस्टर्स के साथ धोखा हो रहा है और उन पर बार-बार इसी तरह से क्राइम करने का आरोप लगाया गया है।



उल्हास विकास
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

संपादकीय

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 का परिणाम एक ओर कुछ शहरों के लिए राहत भरा है, तो दूसरी ओर इसने कई शहरों की चिंता बढ़ा दी है। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में उत्तर प्रदेश के लखनऊ का पहला स्थान निश्चित ही उत्साह जगाता है, मगर इसी सूची में दिल्ली का 21वें पायदान पर होना और शीर्ष दस में हिमाचल प्रदेश के सिर्फ एक शहर का शामिल होना कई सवाल खड़े करता है।

पहाड़ों को हम स्वच्छ हवा, हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता का पर्याय मानते रहे हैं और यदि वहां भी प्रदूषण की दस्तक तेज हो रही है, तो समस्या विकास को लेकर हमारे दृष्टिकोण की भी है।

हालांकि, वायु गुणवत्ता में सुधार के मामले में चंडीगढ़ का उदाहरण महत्त्वपूर्ण है। वर्ष 2024 में वह 27वें स्थान पर था, 2025 में आठवें पायदान पर पहुंचा और अब सातवें स्थान पर है।

जिन शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर कम हुआ है, उसके पीछे कई कारण हैं। हरित क्षेत्र बढ़ाने, निर्माण स्थलों की धूल नियंत्रित करने, कचरे के वैज्ञानिक निपटान, इलेक्ट्रिक वाहनों और यातायात प्रबंधन जैसे उपायों ने इसमें अहम भूमिका निभाई है।

सवाल सिर्फ यह नहीं है कि कौन-सा शहर सूची में ऊपर है, बल्कि यह भी महत्त्वपूर्ण है कि किस शहर ने सुधार की राह पर चलकर अपने नागरिकों के लिए हवा को स्वच्छ बनाया और कौन केवल कागजी आंकड़ों में ही उलझा रहा।

पहाड़ी प्रदेशों में वायू प्रदूषण का बढ़ाना भी गंभीर चिंता पैदा करता है। हैरत की बात है कि हिमाचल का इकलौता शहर कांगड़ा का डमटाल ही स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की सूची में शीर्ष दस में जगह बना पाया है। यह इस बात का संकेत है कि अगर समय रहते नहीं चेते, तो पर्यटन, निर्माण, यातायात और कचरे का दबाव पहाड़ों की हवा को सांस लेने योग्य नहीं छोड़ेगा>

सवाल यह भी है कि आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन है? सरकारें, नगर निकाय, प्रदूषण नियंत्रण संस्थाएं, उद्योग, वाहन या फिर आम नागरिक। इसमें दोराय नहीं कि प्रदूषण को कम करने में सभी की भागीदारी जरूरी है, लेकिन नीति निर्माताओं और कानून प्रवर्तन एजंसियों की जिम्मेदारी अधिक है। स्वच्छ हवा सभी नागरिकों का अधिकार है और इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाने की जरूरत है।

# विचार : ब्रिक्स को नए आयाम देता भारत

नई दिल्ली में 12 से 13 सितंबर के बीच ब्रिक्स का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। इस साल अपनी स्थापना की 20वीं वर्षगांठ मना रहे इस संगठन की यह शिखर बैठक उस कसौटी को निर्धारित करेगी कि तमाम भिन्नताओं के बावजूद यह मंच सदस्य देशों के बीच जमीनी सहयोग और व्यावहारिक समन्वय का माध्यम बन पाया है या नहीं? न्यूयार्क में 20 सितंबर, 2006 को संयुक्त राष्ट्र की बैठकों के बीच स्थापना के दौरान भले ही इसे लेकर बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं थीं, लेकिन एक नई शुरुआत का रोमांच साफ महसूस हो रहा था। तब से लेकर अब तक इस संगठन का निरंतर विस्तारित हो रहा दायरा वास्तव में चकित करने वाला है। विश्व की लगभग आधी-आबादी और जीडीपी में करीब 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ ब्रिक्स एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठन बन चुका है। हालांकि, इसके सदस्य देशों के बीच न तो कोई साझा भू-राजनीतिक एजेंडा है और न ही मौद्रिक या सुरक्षा से जुड़ा कोई एकीकृत दृष्टिकोण। यहां भारत और चीन की प्रतिद्वंद्विता के बीच उनका सहयोग भी जारी है। जबकि ईरान, सऊदी अरब और यूएई भी अपनी गहरी क्षेत्रीय रंजिशों के बावजूद ब्रिक्स के मंच पर साथ आते हैं। यह आंतरिक विविधता ब्रिक्स को किसी अड़ियल संगठन बनने से रोकने के साथ ही उसे एक लचीले मंच के रूप में और अधिक मजबूती भी प्रदान करती है। ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत ने देश के 30 शहरों में 35 अलग-अलग मुद्दों पर 350 से अधिक बैठकें आयोजित कीं। इस क्रम में 'संपूर्ण भारत' के साझा संकल्प की झलक



दिखाई दी, जिसमें केंद्र से लेकर राज्यों की सरकारें, उद्योग, शोध संस्थान और समाज का हर वर्ग साथ खड़ा दिखा। इनमें कागजी घोषणाओं पर जोर के बजाय ठोस नतीजों को प्राथमिकता दी गई। बैठकों का यह व्यापक दायरा यही दर्शाता है कि भारत ने नए सदस्यों से लैस ब्रिक्स को कहीं अधिक एकजुट, कार्यकुशल और असरदार बनाने में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भारत की अध्यक्षता का मूल मंत्र सक्षमता, नवाचार, परस्पर तालमेल और टिकाऊ भविष्य पर केंद्रित है। यह प्रधानमंत्री मोदी के 'मानवता सर्वोपरि' की जन-केंद्रित सोच का ही प्रतिबिंब है। इस दौरान भारत ने लाजिस्टिक्स नेटवर्क, बैट्री एवं ऊर्जा स्टोरेज, नए उद्यमों के लिए पूंजी, छोटे उद्योगों की वैश्विक पहुंच, आसान कस्टम प्रक्रिया और जलवायु संकट से निपटने के उपायों पर कार्य को आगे बढ़ाया है। साथ ही, आयुष एवं पारंपरिक चिकित्सा और मानसिक स्वास्थ्य को ब्रिक्स के विमर्श में शामिल कर भारत ने इस मंच को पारंपरिक आर्थिक सहयोग के एजेंडे से इतर नया आयाम प्रदान किया है। इस शिखर सम्मेलन के दौरान स्वाभाविक रूप से सबका ध्यान डालर से इतर विकल्पों पर जाएगा। यह चर्चा किसी मुद्रा के वर्चस्व को समाप्त या सीमित करने से अधिक उस पर निर्भरता घटाने की अधिक है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ के अनुसार विश्व के विदेशी मुद्रा भंडार में डालर का हिस्सा 1999 के 72 प्रतिशत से घटकर 2026 की शुरुआत में 57.1 प्रतिशत रह गया है। इसके बावजूद डालर के रुतबे पर संदेह नहीं, क्योंकि उसकी जैसी साख, बाजार विस्तार और बेहिसाब नकदी किसी और मुद्रा के पास नहीं है। चीनी युआन पर अब भी बंदिशें हैं और ब्रिक्स की साझा मुद्रा बनाने के लिए जिस आर्थिक सहमति और संप्रभुता के समझौते की जरूरत है, उसके लिए कोई देश तैयार नहीं। इसलिए व्यावहारिक रास्ता यही निकाला जा रहा है कि चुनिंदा द्विपक्षीय व्यापार में अपनी-अपनी मुद्राओं का उपयोग हो, डिजिटल पेमेंट सिस्टम आपस में जुड़ें और स्थानीय स्तर पर कर्ज एवं वित्तीय संसाधन जुटाए जाएं। टैरिफ के जरिये व्यापारिक प्रतिबंधों के विरोध में भी ब्रिक्स देश एकमत हैं। असल में टैरिफ को लेकर मनमानेपन के बीच प्रभावित देश अपने व्यापार, भुगतान प्रणाली और आपूर्ति शृंखलाओं को किसी एक बाजार पर निर्भर बनाए रखने के बजाय उसके विविधीकरण पर अधिक ध्यान देते हैं।

ब्रिक्स से जुड़ी आकांक्षाओं की पूर्ति की एक परीक्षा न्यू डेवलपमेंट बैंक यानी एनडीबी की व्यावहारिकता को लेकर भी होनी है। 2015 से अब तक इसने केवल भारत के लिए ही इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास हेतु करीब 10 अरब डालर तो मंजूर किए हैं, लेकिन अपनी गतिशीलता, वित्तीय आकार और पहुंच के लिहाज से यह आज भी विश्व बैंक या एशियाई विकास बैंक यानी एडीबी से कोसों पीछे है।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

प्रभु
हमारे सच्चे साथी हैं।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# भारत में रेल सेवा का विस्तार



देश के व्यस्त रेल मार्गों पर यातायात के दबाव को देखते हुए सात रेल मार्गों को चार लेन का बनाने का फैसला समय की मांग के अनुरूप है। इस फैसले पर अमल से ट्रेनों की क्षमता बढ़ाने और यात्रा को ज्यादा सुगम बनाने में तो सहायता मिलेगी ही, ट्रेनों के लेट होने की समस्या का भी समाधान होगा। चूंकि जिन सात रेल मार्गों को चार लेन का करने का निर्णय लिया गया, वे सभी अति व्यस्त रेल रूट हैं, इसलिए देश के अनेक बड़े शहरों को इसका लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय यह भी है कि इससे यातायात के साथ माल ढुलाई भी बेहतर होगी। केंद्रीय कैबिनेट ने रेल सेवा के आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इनके पूरा होने से भारतीय रेलवे के नेटवर्क में करीब 656 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।

समय के साथ जिस तरह आवाजाही तेजी के साथ बढ़ रही है, उसे देखते हुए रेल सेवा के आधुनिकीकरण और उसके विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह सही है कि सड़क यातायात अपेक्षाकृत सुगम होने के साथ हवाई सेवाएं भी नए-नए शहरों में पहुंच रही हैं, लेकिन भारत सरीखे बड़े और विशाल आबादी वाले देश में रेल सेवा का कोई विकल्प नहीं।

आज भी बड़ी संख्या में लोग रेल से यात्रा करना पसंद करते हैं, लेकिन ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता में कमी के कारण कुछ लोगों को मजबूरी में सड़क या हवाई सेवा का चयन करना पड़ता है। त्योहारों और अन्य विशेष अवसरों पर ट्रेनों में सीटें मिलना अभी भी कठिन बना हुआ है। एक समस्या उनकी लेट-लतीफी भी है। इसका कारण पर्याप्त रेल मार्ग न होना है। देश के अनेक क्षेत्र ऐसे हैं, जो अभी रेल सेवा से नहीं जुड़ सके हैं।

कुछ बड़ी आबादी वाले क्षेत्र ऐसे हैं, जहां तक जाने के लिए ट्रेन कठिनाई से उपलब्ध होती है। इसे देखते हुए रेल सेवा का विस्तार कहीं अधिक तेजी से होना चाहिए। इसके पहले रेल मंत्री ने यह जानकारी दी थी कि स्वदेशी बुलेट ट्रेन का परीक्षण अगले वर्ष मई-जून में होगा और यदि सब कुछ सही रहा तो दिसंबर में उसका संचालन शुरू हो जाएगा। यह एक उपलब्धि तो होगी, लेकिन यह ध्यान रहे कि बुलेट ट्रेन परियोजना को साकार करने में देर हुई है।

जापान, चीन और यूरोपीय देश न जाने कब से प्रमुख मार्गों पर बुलेट ट्रेन चला रहे हैं। इसी तरह एक सच्चाई यह भी है कि इन देशों में सामान्य ट्रेनों की औसत गति भारत के मुकाबले कहीं अधिक है। यह ठीक है कि पिछले कुछ वर्षों में चुनिंदा ट्रेनों की रफ्तार बढ़ी है, लेकिन अभी कुल मिलाकर उनकी गति सीमा दो सौ किमी प्रति घंटे के अंदर ही है और कुछ ट्रेनों को तो सुरक्षा कारणों से तय गति से कम रफ्तार में ही चलाने की मजबूरी है।

# कैंसर से जंग के बीच अचानक गायब हुए ट्यूमर

## जरा हट के

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे किसी मरीज के लिए यह सुनना किसी चमत्कार से कम नहीं होगा कि शरीर में मौजूद ट्यूमर अचानक गायब हो गए हैं. ऑस्ट्रेलिया के 60 वर्षीय एक व्यक्ति के साथ कुछ ऐसा ही हुआ. वह स्टेज-4 मेलेनोमा से पीड़ित था और कैंसर उसके शरीर के कई हिस्सों तक फैल चुका था. लेकिन एक दूसरी बीमारी के चलते हुई हार्ट सर्जरी के कुछ महीनों बाद डॉक्टरों ने पाया कि उसके ट्यूमर पूरी तरह गायब हो चुके थे.



इस असामान्य मामले का विवरण मेडिकल जर्नल BMJ Case Reports में सामने आया है. मरीज की पहचान रिपोर्ट में केवल 'Mr. A' के नाम से की गई है.

### स्टेज-4 कैंसर ने बना दी थी स्थिति गंभीर

Mr. A का मेलेनोमा काफी आगे बढ़ चुका था. कैंसर कई लिम्फ नोड्स के अलावा लिवर और बाईं जांघ की हड्डी तक फैल गया था. ऐसी स्थिति में बीमारी का इलाज काफी मुश्किल माना जाता है. डॉक्टरों ने उन्हें कैंसर की आक्रामक दवाएं और कीमोथेरेपी दी, लेकिन गंभीर साइड इफेक्ट्स के कारण कीमोथेरेपी रोकनी पड़ी. इसके बावजूद ट्यूमर में खास कमी नहीं आई.

इसी दौरान उनके दिल के एक वाल्व में गंभीर समस्या सामने आई, जिसके लिए उन्हें हार्ट सर्जरी करानी पड़ी. सर्जरी के बाद उन्हें एक बैक्टीरियल इंफेक्शन भी हुआ. इसके कुछ समय बाद हुई जांच में जो नतीजे सामने आए, उन्होंने डॉक्टरों को भी हैरान कर दिया कैंसर के ट्यूमर दिखाई नहीं दे रहे थे.

शोधकर्ताओं का मानना है कि सर्जरी और उसके बाद हुए इंफेक्शन ने शायद Mr. A के इम्यून सिस्टम को असामान्य तरीके से सक्रिय कर दिया. संभव है कि शरीर की वे सफेद रक्त कोशिकाएं, जो पहले कैंसर कोशिकाओं पर प्रभावी हमला नहीं कर पा रही थीं, अचानक सक्रिय हो गई हों.

हालांकि यह सिर्फ एक वैज्ञानिक संभावना है और इस मामले से यह साबित नहीं होता कि हार्ट सर्जरी कैंसर का इलाज कर सकती है. सर्जरी के बाद शरीर की इम्यून प्रतिक्रिया कई तरह से बदल सकती है और कुछ परिस्थितियों में यह कैंसर के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है.

# उकडीचे मोदक

**सामग्री:**

- घिसा हुआ नारियल - 2 कप
- घिसा हुआ बारीक गुड़ - 1 कप
- जायफल पाउडर - 1/4 छोटा चम्मच
- इलायची पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच
- खसखस- 1 छोटा चम्मच
- घी- 1 छोटा चम्मच
- चावल का आटा- 1.5 कप
- पानी- 1.5 कप
- दूध- 2 बड़े चम्मच
- घी- 1 छोटा चम्मच
- चुटकी भर नमक

**विधि:**

सबसे पहले एक कड़ाही में एक छोटा चम्मच घी गरम करें और इसमें खसखस को हल्का भून लें।

अब इसमें घिसा हुआ नारियल और गुड़ डालें और धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए पका लें, ताकि गुड़ अच्छी तरह पिघल जाए और नारियल में मिल जाए।

जब मिश्रण थोड़ा गाढ़ा होने लगे, तब इसमें इलायची पाउडर और जायफल पाउडर मिलाएं और अच्छे से पूरे मिश्रण को मिला लें।

इसके बाद गैस को बंद कर दें



और स्टफिंग को ठंडा होने के लिए छोड़ दें। अब एक बर्तन में पानी, दो चम्मच दूध, एक छोटा चम्मच घी और चुटकी भर नमक डालकर उबाल लें। जैसे ही पानी उबलने लगे, आंच धीमी कर दें और इसमें चावल का आटा डालते हुए मिलाना शुरू कर दें। इसके बाद गैस को बंद कर दें और बर्तन को ढक दें और धीमी आंच पर 2-3 मिनट के लिए भाप पर पकने दें। अब इस गरम आटे को एक बड़ी परात में निकालें। हाथों में थोड़ा ठंडा पानी और घी लगाकर आटे को अच्छी तरह से मसल-मसलकर एकदम सॉफ्ट आटा गूंथ लें। अब गूंथे हुए आटे की छोटी-छोटी लोइयां बनाएं। एक लोई लें, अंगूठे और उंगलियों की मदद से किनारे पतले करते हुए एक कटोरी जैसा आकार दें। इसमें थोड़ी सी नारियल-गुड़ की स्टफिंग भरें और अब कटोरी के किनारों पर 4 से 5 चुन्नटें बनाएं और ऊपर की ओर लाकर एक साथ जोड़ते हुए मोदक का आकार दें।

अगर हाथ से बनाने में दिक्कत हो, तो मोदक का सांचा भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अब स्टीमर या इडली मेकर में पानी गरम होने रखें और स्टीमर की प्लेट पर थोड़ा सा घी लगाएं या गीला मलमल का कपड़ा बिछाएं। तैयार मोदक को प्लेट पर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर रखें। मोदक के ऊपर हल्का सा पानी छिड़कें ताकि वे फटे नहीं और इसे ढककर मध्यम आंच पर 10 से 12 मिनट तक भाप में पकाएं। उकडीचे मोदक बनकर तैयार हैं।

# फोन देखे बिना खाना नहीं खाता बच्चा?

## स्क्रीन टाइम कंट्रोल करने में बेहद काम आएंगे ये असरदार तरीके

आजकल के समय में स्मार्टफोन बच्चों की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। ऑनलाइन पढ़ाई से लेकर एंटरटेंमेंट तक, बच्चे हर चीज के लिए फोन पर निर्भर हो रहे हैं। जरूरत से ज्यादा स्मार्टफोन का इस्तेमाल बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा असर डाल रहा है। बच्चे अब बाहर खेलने जाने के बजाय अपने फोन में ही गेम्स खेलते रहते हैं। अगर आपका बच्चा भी दिनभर फोन से चिपका रहता है, तो जरूरी है कि आप उनकी इस लत को छुड़ाएं। आइए जानें बच्चों की स्मार्टफोन की लत छुड़वाने के लिए कुछ असरदार टिप्स।



### स्क्रीन टाइम सेट करें

बच्चों की स्क्रीन टाइम की आदत को सीमित करने के लिए घर में कुछ नियम सेट करना जरूरी है। बच्चों के रोजाना का स्क्रीन टाइम सेट करें और उससे ज्यादा उन्हें फोन इस्तेमाल न करने दें। साथ ही, कुछ समय फोन की बिल्कुल मनाही करें, जैसे खाना खाते समय, सोने से एक घंटा पहले या खेलते समय। शुरुआत में बच्चा इन नियमों को न मानने की जिद्द कर सकता है, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें इसकी आदत हो जाएगी।

### फिजिकल एक्टिविटीज में बिजी रखें

बच्चे अक्सर अपनी बोरियत मिटाने के लिए स्मार्टफोन की तरफ भागते हैं। अगर आप चाहते हैं कि वो फोन का इस्तेमाल न करें, तो उन्हें फिजिकली बिजी रखें। उन्हें खेलने के लिए बाहर भेजें, साइकिल चलाना सिखाएं और डांसिंग जैसी हॉबीज विकसित कराएं। इससे वे फिजिकली एक्टिव भी रहेंगे, उनकी स्लीप साइकिल में भी सुधार होगा और वो ज्यादा फोन भी इस्तेमाल नहीं करेंगे।

### खुद रोल मॉडल बनें

बच्चे अपने आस-पास के माहौल से ही सीखते हैं। अगर आप खुद दिनभर फोन में लगे रहेंगे, तो बच्चे भी फोन से चिपके रहेंगे। इसलिए ऑफिस से घर लौटने के बाद सोशल मीडिया स्क्रॉल करने के बजाय अपने बच्चों के साथ क्वालिटी समय बिताएं। उनके साथ बैठकर बातें करें, उनके साथ कैरम, लूडो या स्क्रैबल जैसे बोर्ड गेम्स खेलें। इससे आपका बॉन्ड भी मजबूत होगा और बच्चे स्मार्टफोन से भी दूर रहेंगे।

### तकनीक का सही इस्तेमाल सिखाएं

आज के समय में स्मार्टफोन से बिल्कुल दूर रहना मुमकिन नहीं है, लेकिन इसे कंट्रोल जरूर किया जा सकता है। बच्चों को भी यही बात सिखाएं। फोन में पेरेंटल लॉक या डिजिटल वेलबींग ऐप्स डाउनलोड करें। इससे आप कंट्रोल कर पाएंगे कि बच्चे क्या और कितना देखते हैं। साथ ही, बच्चों को सिखाएं भी कि स्मार्टफोन का बहुत ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदेह है।

## आज का राशिफल



**मेष** : काम में मेहनत और नेतृत्व क्षमता का अच्छा इस्तेमाल कर पाएंगे। वरिष्ठों का सहयोग मिल सकता है। व्यापारिक योजनाओं को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाएं। नए सौदे में शर्तें ध्यान से देखें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और अटका धन मिलने की संभावना है। पुराने मतभेद बातचीत से दूर किए जा सकते हैं।



**वृषभ** : काम का दबाव रह सकता है। विवादों से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान दें। निवेश के मामलों में सावधानी बरतें। साझेदारों के साथ पारदर्शिता रखें। अनियोजित खर्च बजट बिगाड़ सकते हैं, इसलिए खरीदारी पर नियंत्रण रखें। पार्टनर के विचारों को समझने की कोशिश करें। पेट से जुड़ी परेशानी हो सकती है।



**मिथुन** : बातचीत से कामकाज में नए अवसर बन सकते हैं। मार्केटिंग और संचार से जुड़े कारोबार में गतिविधियां बढ़ सकती हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं और वित्तीय मामले आपके पक्ष में रहेंगे। प्रेम जीवन में ताजगी रहेगी। साथ समय बिताने की योजना बन सकती है। मानसिक शांति बनी रहेगी। पर्याप्त नींद लें।



**कर्क** : सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। रुके हुए काम व्यवस्थित तरीके से पूरे करने पर ध्यान दें। नए संपर्क बन सकते हैं। आर्थिक लेनदेन में लिखा पढ़ी रखें। लेनदेन में सतर्कता बरतें और बड़ा उधार देने से बचें। परिवार और जीवनसाथी से भावनात्मक सहयोग मिलेगा। पाचन तंत्र का ध्यान रखें और घर का हल्का भोजन करें।



**सिंह** : चंद्रमा के सिंह में होने से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता मजबूत रह सकती है। नई जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिल सकता है। कारोबार में नई रणनीति बनाने का अच्छा समय है। बड़े जोखिम से पहले सोच-विचार करें। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा और निवेश से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। ऊर्जा अच्छी रहेगी।



**कन्या** : ऑफिस की राजनीति से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें। प्रतिस्पर्धियों की गतिविधियों पर नजर रखें। कागजी मामलों में सावधानी बरतें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। फिजूलखर्ची पर ब्रेक लगाएं। संवाद बनाए रखने से रिश्ते में गलतफहमियां नहीं बढ़ेंगी। थकान और आंखों में भारीपन हो सकता है।



**तुला** : टीम वर्क से काम बेहतर तरीके से पूरा होगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। साझेदारी और व्यापारिक संपर्कों से नए अवसर मिल सकते हैं। धन का प्रवाह अच्छा रहेगा और रुका पैसा वापस मिलने के योग हैं। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। अविवाहितों के लिए नए रिश्ते पर बातचीत हो सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।



**वृश्चिक** : कठिन काम भी मेहनत से पूरे किए जा सकते हैं। अधिकारियों से संवाद अच्छा रखें। जोखिमभरे सौदों से बचें और पुराने आर्थिक दायित्वों को व्यवस्थित करें। पैसों के मामले में सतर्क रहें। लेनदेन संभलकर करें। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। सिरदर्द या तनाव हो सकता है। आराम का ध्यान रखें।



**धनु** : वरिष्ठों का मार्गदर्शन मिलेगा। अटके हुए काम पूरे करने पर ध्यान दें। नए समझौतों पर विचार कर सकते हैं। आर्थिक शर्तों की अच्छी तरह जांच करें। आय में वृद्धि के योग हैं। शेयर में समझदारी से निवेश फायदा देगा। पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। मानसिक रूप से सामान्य महसूस करेंगे।



**मकर** : निरंतर मेहनत से काम में प्रगति होगी। नई जिम्मेदारी मिल सकती है। रियल एस्टेट और कंस्ट्रक्शन से जुड़े काम में नई संभावनाएं बन सकती हैं। धन संचय में सफलता मिलेगी। अचल संपत्ति की योजना बन सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और परिवार में सामंजस्य बना रहेगा।अधिक भागदौड़ से बचें।



**कुंभ** : रचनात्मक काम करने वालों को पहचान मिल सकती है। नौकरी से जुड़े नए विकल्प सामने आएंगे। तकनीकी क्षेत्र में नए प्रोजेक्ट और संपर्क मिल सकते हैं। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। अचानक होने वाले खर्चों से बचें। पार्टनर के साथ मन की बात साझा करने से विश्वास मजबूत होगा।



**मीन** : काम में प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। वरिष्ठों से सराहना मिल सकती है। दूर के बाजारों और ग्राहकों से नए संपर्क बन सकते हैं। धन की आवक सुचारू रूप से बनी रहेगी और आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। दांपत्य जीवन में प्रेम और समझ बनी रहेगी। ऊर्जा अच्छी रहेगी। योग और नियमित व्यायाम जारी रखें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# कपड़ों से पसीने की बदबू निकालने का सस्ता जुगाड़

कई बार कपड़े बार-बार धोने के बाद भी उनमें से पसीने की बदबू पूरी तरह नहीं जाती. ये समस्या सिर्फ गर्मी के मौसम में ही नहीं बल्कि सालभर बनी रह सकती है. इसके अलावा कपड़ों में जमा होने वाले बैक्टीरिया और डिटर्जेंट के अवशेष भी बदबू का कारण बनते हैं. कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाकर कपड़ों से आने वाली पसीने की जिद्दी बदबू को काफी हद तक दूर किया जा सकता है. आइए जानते हैं कि बदबू की असली वजह क्या है और इससे छुटकारा पाने के आसान तरीके कौन-से हैं.

### कपड़ों से बदबू हटाने के आसान उपाय

### बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें

बेकिंग सोडा बदबू को कम करने में मदद करता है. इसके लिए थोड़ा-सा पानी मिलाकर इसका पेस्ट बना लें. अब इसे कपड़ों के उन हिस्सों पर लगाएं जहां सबसे ज्यादा बदबू आती है, जैसे अंडरआर्म या कॉलर. करीब 30 मिनट बाद कपड़ों को सामान्य तरीके से धो लें.

### सिरके का घोल बनाएं

एक भाग सफेद सिरका और चार भाग पानी मिलाकर घोल तैयार करें. कपड़ों को इसमें लगभग 30 मिनट तक भिगोकर रखें. इसके बाद सामान्य डिटर्जेंट से धो लें. यह तरीका बदबू पैदा करने वाले अवशेषों को हटाने में मदद कर सकता है.



### इन बातों का रखें ध्यान

पसीने वाले कपड़ों को लंबे समय तक बिना धोए न रखें. जितनी जल्दी उन्हें धोया जाएगा, बैक्टीरिया उतना कम बढ़ेंगे. साथ ही कपड़े के प्रकार के अनुसार पानी का चुनाव करें. सिंथेटिक कपड़ों को ठंडे पानी में धोना बेहतर माना जाता है, जबकि कॉटन और लिनेन के कपड़ों के लिए हल्का गर्म पानी अधिक प्रभावी हो सकता है. अगर बदबू बहुत ज्यादा हो, तो वॉशिंग मशीन में हेवी-ड्यूटी वॉश साइकिल का इस्तेमाल करना भी फायदेमंद साबित हो सकता है.

# रूखी-बेजान स्किन से फ्रेश चेहरे तक

### खीरे का फेस मिस्ट देगा आपको नैचुरल ग्लो

### जानें बनाने का स्टेप-बाय-स्टेप तरीका

खीरा स्किनकेयर में लंबे समय से इस्तेमाल किया जाता रहा है. इसकी पानी से भरपूर प्रकृति त्वचा को तरोताजा महसूस करा सकती है. फेस मिस्ट का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे दिन में जरूरत के अनुसार इस्तेमाल करना आसान होता है. चेहरा धोने के बाद या जब स्किन बहुत थकी हुई लगे, तब हल्की फुहार चेहरे को फ्रेश महसूस करा सकती है, अगर आपकी स्किन ड्राई है, तो मिस्ट के बाद हल्का मॉइस्चराइजर लगाना बेहतर रहेगा. केवल मिस्ट लगाने से त्वचा में नमी लंबे समय तक लॉक नहीं होती. यही छोटी-सी बात कई लोग घरेलू स्किनकेयर में भूल जाते हैं.

### घर पर बनाने के लिए चाहिए ये चीजें

खीरे का फेस मिस्ट बनाने के लिए एक ताजा खीरा, गुलाबजल और एक साफ स्प्रे बोतल लें. चाहें तो इसमें थोड़ा एलोवेरा जेल भी मिलाया जा सकता है, अगर आप टी-ट्री ऑयल इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो सावधानी जरूरी है, क्योंकि यह हर त्वचा को सूट नहीं करता और सीधे या अधिक मात्रा में लगाने से जलन हो सकती है.



### ऐसे तैयार करें होममेड फेस मिस्ट

सबसे पहले खीरे को अच्छी तरह धो लें और छोटे टुकड़ों में काट लें. अब इसे मिक्सी में पीसकर पतला पेस्ट तैयार करें. इसके बाद साफ सूती कपड़े या बारीक छलनी की मदद से खीरे का रस अलग कर लें. एक साफ कटोरी में खीरे का रस और थोड़ी मात्रा में गुलाबजल मिलाएं, अगर एलोवेरा जेल मिलाना है, तो थोड़ी मात्रा डालकर मिश्रण को अच्छी तरह फेंट लें. तैयार मिश्रण को साफ स्प्रे बोतल में भर दें. इस्तेमाल से पहले बोतल को हल्का हिला लें.

### चेहरे पर कैसे लगाएं?

फेस मिस्ट इस्तेमाल करने से पहले चेहरा साफ कर लेना बेहतर है. आंखें बंद करके चेहरे से थोड़ी दूरी पर मिस्ट की हल्की फुहार करें. इसे तुरंत रगड़ने के बजाय त्वचा पर कुछ देर रहने दें. इसके बाद जरूरत हो तो हल्का मॉइस्चराइजर लगा सकते हैं. दिनभर ऑफिस या बाहर रहने के दौरान चेहरा भारी और थका हुआ महसूस हो, तब भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है. हालांकि, यह सनस्क्रीन का विकल्प नहीं है, अगर दिन में बाहर निकल रहे हैं, तो सनस्क्रीन लगाना जरूरी है.

### इस्तेमाल से पहले इन बातों का रखें ध्यान

घरेलू फेस मिस्ट में प्रिजर्वेटिव नहीं होते, इसलिए इसे लंबे समय तक कमरे के तापमान पर रखना ठीक नहीं है. थोड़ी मात्रा बनाएं और साफ बोतल में भरकर फ्रिज में रखें. बदबू, रंग या बनावट में बदलाव नजर आए तो इसे इस्तेमाल न करें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पत्नी की हत्या के बाद थाने में सरेंडर; पति बोला- फोन पर बात करती थी

**मथुरा.** मथुरा में मामूली कहासुनी होने पर मंगलवार दोपहर पत्नी की गला घोंट कर हत्या करने के आरोपी ने घटना के बाद थाने पहुंच सरेंडर कर दिया। पुलिस ने उसे थाना कार्यालय से देर रात गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा बरामद कर चालान किया है। पुलिस को पूछताछ में पता लगा कि आरोपी अपनी पत्नी पर शक करता था, इसी बात पर हुए विवाद में आवेश में आकर उसने हत्या कर दी थाना प्रभारी निरीक्षक जमुनापार विदेश त्यागी ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 12 बजे जमुना विहार कॉलोनी,जमुनापार निवासी पूजा की हत्या के मामले में मृतका के पिता धर्मवीर ने थाने आकर दामाद जगदेव के खिलाफ तहरीर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें आरोप लगाया था कि दामाद जगदेव उनकी बेटी पूजा से अक्सर झगड़ा करता रहता था। इसको लेकर पूर्व में कई बार समझाया गया, लेकिन वह नही माना। मंगलवार को दामाद जगदेव ने उनकी बेटी पूजा का दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी।

### पिता बना हैवान! सौतेली बेटी से रेप, दोस्तों के साथ शराब पार्टी में बताया अपना कांड

**कानपुर.** यूपी के कानपुर में एक पिता हैवान बन गया। पिता ने सौतेली बेटी से रेप किया। मां की शिकायत के बाद सौतेली बेटी से दुष्कर्म मामले में बिधनू पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर लिया। रिश्तों को कलंकित करने वाला आरोपी पिता पिछले एक साल से बेटी का शोषण कर रहा था। नशे के दौरान दोस्तों के बीच यह बात उगलने पर मां को पता चला जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। मामले में मिली जानकारी के अनुसार कल्याणपुर के मकड़ीखेड़ा की महिला के पति का निधन हो चुका है। महिला की छह बेटियां हैं। उसने चार वर्ष पूर्व मकड़ीखेड़ा के ही किराने की दुकान चलाने वाले युवक से शादी कर ली। महिला की तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। उसकी सबसे छोटी बेटी 15 साल की है। महिला ने बिठूर थाने में दी तहरीर में बताया कि पति सबसे छोटी बेटी का पिछले एक साल से शोषण कर रहे हैं।

### शादी रचाकर गेस्ट हाउस में प्रेमी- प्रेमिका ने लगाई फांसी; सुसाइड नोट में क्या लिखा?

**लखनऊ.** लखनऊ में चिनहट के देवा रोड स्थित धावा के रेड बिल्डिंग गेस्ट हाउस के एक कमरे ब्याह रचा चुके हरदोई के गैर समुदाय के प्रेमी युगल का शव फंदे पर लटका मिला है। दोनों के मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं। चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा का कहना है कि परिजनों के आने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही फंदे पर लटके शवों की गुत्थी सुलझेगी। चिनहट के धावा मोड़ पर रेड बिल्डिंग गेस्ट हाउस का संचालन राकेश यादव करते हैं। गेस्ट हाउस पहुंची पुलिस टीम ने वीडियोग्राफी करते हुए कमरा खोला। पुलिस ने कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटके मिले। इंस्पेक्टर ने बताया कि युवक-युवती की शिनाख्त हरदोई हरपालपुर अरवलपुर का अमित (22) व पलिया पंचशाला की नरगिस (19) के रूप में हुई है।

# मुंबई-गोवा हाईवे में देरी पर गडकरी बोले- शर्म आती है

- उद्घाटन में नहीं जाऊंगा; अब तक 94% काम हुआ

**पणजी.** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'मुझे मुंबई-गोवा हाईवे के चौड़ीकरण में हो रही देरी को लेकर शर्मिंदगी महसूस होती है। ये काम 2016 तक पूरा होना था, लेकिन 15 साल में सिर्फ 94% ही पूरा हुआ है।'

गडकरी ने यह बात बुधवार को पणजी में छह लेन वाले एलिवेटेड रोड कॉरिडोर के उद्घाटन समारोह में कही। उन्होंने कहा, 'हाईवे का काम पूरा होने के बाद मैं इसके




उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल नहीं होऊंगा। मैं ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने का रिकॉर्ड बनाना चाहता हूं।'

गडकरी ने इस साल 22 जुलाई को राज्यसभा में बताया था कि पिछले 3 साल में नेशनल हाईवे निर्माण में खराब गुणवत्ता वाले काम के लिए 103 ठेकेदार और कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया।

#### हाईवे का काम 2016 तक पूरा होना था

मुंबई–गोवा हाईवे का काम पहले 2016 तक पूरा किया जाना था। जमीन अधिग्रहण, निर्माण से पहले की मंजूरियों और ठेकेदारों से जुड़ी समस्याओं के कारण काम में लगातार देरी हुई। 2024 में केंद्र सरकार ने भी संसद में बताया था कि जमीन अधिग्रहण और कुछ ठेकेदारों की आर्थिक दिक्कतों के कारण परियोजना में देरी हुई। यह हाईवे मुंबई को कोंकण के रास्ते गोवा से जोड़ता है। इसका महाराष्ट्र वाला हिस्सा करीब 460 किलोमीटर है। परियोजना का यह मार्ग पर्यटन और स्थानीय कारोबार के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जाता है।

- 15 साल से काम चल रहा, कई जगह गड्ढे

मुंबई-गोवा हाईवे का चौड़ीकरण का काम 2011 में शुरू हुआ था। इसके बाद भी यह अब तक पूरा नहीं हुआ है। 440 किलोमीटर लंबे इस हिस्से में काम पूरा होने के बावजूद कई जगह सड़क पर गड्ढे, पानी भरने, मरम्मत और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।

हाईवे पर मई में खारपाड़ा टोल प्लाजा पर टोल लेना शुरू किया गया था। इसके बावजूद परियोजना के कुछ हिस्सों में काम और सुधार जारी है।

हाईवे पर बंदरों के लिए 2021 में बनाया गया एक ओवरपास भी ढह चुका है, जिससे सुरक्षा को लेकर सवाल उठे हैं।

# सड़क के रास्ते में हनुमान प्रतिमा प्रशासन 6 दिन में हिला नहीं पाया

- अब कहा- कोशिश ही नहीं की; दर्शन के लिए भीड़ जुट रही

**उज्जैन.** उज्जैन में सड़क के बीच हनुमान प्रतिमा को प्रशासन 6 दिन से हिला नहीं पाया है। प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण के लिए सती गेट के पास स्थित हनुमान मूर्ति को हटाने की कोशिश 4 सितंबर को शुरू की, लेकिन नाकाम रहा। प्रशासन की ओर से करीब एक हफ्ते में मंदिर के आसपास का ज्यादातर हिस्सा तोड़ा जा चुका है, जबकि हनुमान मूर्ति फिलहाल टेंट में है। अब प्रशासन का कहना है कि प्रतिमा हटाने की कोशिश की ही नहीं गई। खड़े हनुमान की मूर्ति



सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है। मूर्ति के वीडियो और रील्स वायरल हो रहे हैं। मध्य प्रदेश के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान से भी श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं।

साध्वी हर्षानंद गिरि (हर्षा रिछारिया) गुरुवार को खड़े हनुमान मंदिर पहुंचीं। उन्होंने पूजा की और प्रतिमा हटाने के प्रयासों का विरोध किया। उन्होंने प्रशासन से मंदिर पहुंचकर माफी मांगने, पूजा करने और मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लेने को कहा।

ऐसा नहीं होने पर उन्होंने अनशन और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। उन्होंने सरकार को 2 दिन का अल्टीमेटम दिया। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि उन्हें इतनी हिम्मत मिले कि वे बाबा के लिए आवाज उठा सकें।

#### IIT इंदौर की टीम फिर करेगी जांच

प्रतिमा को हटाने के प्रयासों को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच IIT इंदौर की टीम सोमवार को मंदिर पहुंची थी। टीम ने मंदिर में जांच की थी। अब टीम गुरुवार को एक बार फिर खड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर जांच करने पहुंची है।

# भाजपा के 7 मोर्चा प्रभारी घोषित

- हरीश द्विवेदी को युवा, सतीश पूनिया को ST की जिम्मेदारी




**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को अपने 7 प्रमुख मोर्चों के प्रभारियों की घोषणा की। पार्टी ने युवा, महिला, SC, OBC, किसान, ST और अल्पसंख्यक मोर्चों की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है। सात में से सबसे ज्यादा 2 प्रभारी मध्य प्रदेश से हैं।

पार्टी के मुताबिक, हरीश द्विवेदी को युवा मोर्चा और डी. पुरंदेश्वरी को महिला मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सतीश पूनिया को ST मोर्चे की जिम्मेदारी दी गई है।

BJP ने संजय भाटिया को SC मोर्चा और वैजयंत पांडा को OBC मोर्चे का प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, लाल सिंह आर्या को किसान मोर्चा और गजेंद्र पटेल को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है।

#### प्रभारी मोर्चों की कार्यकारिणी-टीम तैयार करेंगे

ये सभी मोर्चों की कार्यकारिणी बनाने, प्रदेशों के प्रभारी तय करने और राज्यों में मोर्चे की टीम तैयार करने में मदद करेंगे। सभी मोर्चा प्रभारियों को संबंधित मोर्चा अध्यक्षों से बातचीत कर यह काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भारत के पास 190 परमाणु बम

- अमेरिकी रिपोर्ट
- 225 और बनाने लायक प्लूटोनियम भी
- नई मिसाइलों के साथ समुद्र में बना रहा 'न्यूक्लियर कवच'

**नई दिल्ली.** भारत के पास करीब 190 परमाणु हथियार होने का अनुमान है। इनमें से 160 से ज्यादा हथियार ऐसी मिसाइलों और दूसरे सिस्टम के लिए तैयार हैं, जो परमाणु हमला करने में सक्षम हैं। इसके अलावा भारत ने नई मिसाइलों के लिए कुछ अतिरिक्त परमाणु वॉरहेड भी तैयार किए हैं। यह जानकारी अमेरिकी थिंक टैंक फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स (FAS) की नई रिपोर्ट में सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लगातार अपनी परमाणु ताकत को आधुनिक बना रहा है। पिछले कुछ वर्षों में कई नए परमाणु-सक्षम हथियार सेना में शामिल किए गए हैं। वहीं, कुछ नए हथियार सिस्टम अभी तैयार किए जा रहे हैं। FAS का




अनुमान है कि आने वाले समय में भारत के परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ सकती है।

- 730 किलो प्लूटोनियम; आगे और बढ़ सकती है क्षमता

रिपोर्ट के अनुसार 2026 की शुरुआत तक भारत के पास करीब 730 किलो हथियार बनाने वाला प्लूटोनियम होने का अनुमान है। इस तरह यह 225 वॉरहेड तक बना सकता है।

हालांकि रिपोर्ट खुद साफ करती है कि यह सिर्फ अनुमान है, वास्तविक संख्या वॉरहेड के डिजाइन और रिजर्व में रखी सामग्री पर निर्भर करती है।

- अग्नि-V: एक मिसाइल, कई निशाने

भारत ने अग्नि-V में MIRV तकनीक का परीक्षण किया है। इसका मतलब एक मिसाइल में कई ऐसे वॉरहेड ले जाने की क्षमता विकसित करना है, जिन्हें अलग-अलग लक्ष्यों की ओर भेजा जा सकता है। 2024 के बाद मई 2026 में भी कई पेलोड के साथ परीक्षण हुआ। FAS का अनुमान है कि अग्नि-V संभवतः तीन वॉरहेड ले जा सकती है, हालांकि ऐसा करने पर इसकी अधिकतम रेंज प्रभावित हो सकती है।

# भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ पोस्ट डिलीट करेंगे CJP नेता

- दीपके, सौरव और रांका को समन
- हाईकोर्ट बोला- दोबारा ऐसी पोस्ट आई तो मेटा-X हटाएंगे

**नई दिल्ली.** भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया की मानहानि याचिका पर गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट के सामने CJP प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका ने भाटिया के खिलाफ किए गए AI से बने विवादित पोस्ट हटाने पर सहमति जताई। दोनों पोस्ट 24 घंटे में हटाए जाएंगे।

कोर्ट ने मामले में सौरव दास, आशुतोष रांका और CJP फाउंडर अभिजीत दीपके को समन भी जारी किया है। साथ ही मेटा और X से कहा कि अगर भविष्य में ऐसे पोस्ट की हूबहू कॉपी दोबारा डाली जाती है और भाटिया शिकायत करते हैं, तो उसे हटाने पर कार्रवाई की जाए।

मामला CJP कार्यकर्ता नीशू आजाद के पिता संजय कुमार पर हमले से जुड़ा है। CJP का आरोप है कि स्वतंत्र भारद्वाज और अन्य लोगों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान संजय कुमार के साथ मारपीट की थी। इसी मामले में CJP ने स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ FIR और कार्रवाई की मांग की थी।

इसी दौरान सौरव दास ने एक ग्राफिक शेयर किया। इसमें गौरव भाटिया की तस्वीर और नाम के साथ स्वतंत्र भारद्वाज को 'दिमागी नक्सल' बताए जाने समेत कई बातें लिखी थीं। भाटिया ने ऐसा कोई बयान देने से इनकार किया और पोस्ट को फर्जी बताया।

**आम सूचना**

मैं श्री स्वप्निल गोरख साखरे सभी को सूचित कर रहा हूं कि 400 चौरस फुट, ब्लॉक नं. ए 330 के सामने, हनुमान मंदिर के पास, कुर्ला कैम्प, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 39डीओ008573500) उक्त प्रॉपर्टी श्री पांडुरंग रंगनाथ शिरसकर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 27.2.2026 सी.नं. 82/26 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री स्वप्निल गोरख साखरे**

**आम सूचना**

मैं श्री मोहनदास तोलाराम खेमनानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 102, पहला माला, कुमार को ऑप, हाउसिंग सोसायटी, रुम नं. 517, ब्लॉक नं. ए-87, उल्हासनगर- 1. उक्त प्रॉपर्टी श्री मनोज के. पंजवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.9.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मोहनदास तोलाराम खेमनानी**

# भारत ने नेपाल के लिए 8वीं राहत खेप भेजी

- 35 टन राहत सामग्री काठमांडू पहुंची
- बाढ़ में अब तक 1367 शव बरामद



नेपाल में भीषण बाढ़ के बाद भारत ने 35 टन राहत और बचाव सामग्री की 8वीं खेप भेजी। भारतीय वायुसेना का विमान बुधवार को काठमांडू पहुंचा। इसके साथ भारत अब तक 130 टन से ज्यादा राहत सामग्री भेज चुका है। खेप में टेंट, कंबल, हाइजीन किट, सोलर लैंप, दवाएं और रेस्क्यू उपकरण शामिल हैं। भारत ने राहत अभियान 26 अगस्त को शुरू किया था। नेपाल पुलिस के मुताबिक, बाढ़ प्रभावित इलाकों से अब तक 1367 शव बरामद हुए हैं। 102 शवों की पहचान हो चुकी है। पहचान के लिए DNA सैंपल जुटाए जा रहे हैं और भारत समेत कई देशों के फोरेंसिक विशेषज्ञ मदद कर रहे हैं।

# ट्रम्प बोले - मिड टर्म चुनाव जीता तो हर वोटर को 5 लाख

- इस पर 128 लाख करोड़ खर्च करने होंगे
- यह पाकिस्तान की इकोनॉमी का 3 गुना

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि नवंबर के मिडटर्म चुनाव में अगर रिपब्लिकन पार्टी प्रतिनिधि सभा और सीनेट, दोनों में बहुमत बरकरार रखती है, तो हर बालिग अमेरिकी को 5000 डॉलर (करीब 4.76 लाख रुपए) दिए जाएंगे। ट्रम्प ने यह बयान डलास में रिपब्लिकन कन्वेंशन को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने इसे 'ट्रम्प डिविडेंड' नाम दिया और कहा कि यह अमेरिका की 'आर्थिक ताकत और सफलता' की वजह से दिया जाएगा।

ट्रम्प ने ये भी कहा कि डिविडेंड की रकम अमेरिका में ही खर्च करनी होगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इसके लिए पैसा कहां से आएगा, भुगतान का दायरा क्या होगा और रकम किस तरह बांटी जाएगी। अमेरिका में करीब 26.98 करोड़ वयस्क हैं। अगर सभी को 5,000 डॉलर दिए जाएं तो कुल खर्च करीब 1.35 ट्रिलियन डॉलर यानी 128.25 लाख करोड़ रुपए होगा। यह रकम दुनिया के करीब 162 देशों की इकोनॉमी से ज्यादा है। विश्व बैंक के 2025 के आंकड़े के मुताबिक इससे ज्यादा सिर्फ 19 देशों की GDP है। यहां तक की यह पाकिस्तान की पूरी अर्थव्यवस्था से करीब 3.3 गुना ज्यादा है।

### सोनम वांगचुक एक और आंदोलन करने को तैयार

**नई दिल्ली.** जंतर-मंतर पर जुलाई महीने में कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के साथ मिलकर प्रोटेस्ट करने वाले सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने एक और आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर सरकार ने लद्दाख से जुड़े सभी मुद्दे नहीं माने तो 19 सितंबर से 24 सितंबर तक वे नया आंदोलन करेंगे।

सोनम वांगचुक ने यह फैसला गुरुवार को नई दिल्ली में लद्दाख के खास ग्रुप्स और गृह मंत्रालय के सब-कमेटी के बीच हुई बातचीत की प्रोग्रेस पर निराशा जताने के कुछ घंटों बाद किया है।

**आम सूचना**

मैं श्रीमती सुसाना बबन त्रिभुवन सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, महात्मा फुले नगर के पास, ज्योत्सना कॉलोनी, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 55डीओ012840300) उक्त प्रॉपर्टी श्री बबन भिवाजी त्रिभुवन के नाम पर है। मिस निलम बबन त्रिभुवन, मिस रजनी बबन त्रिभुवन, मिस सुप्रिया बबन त्रिभुवन व श्री दीपक बबन त्रिभुवन ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 8.9.2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुसाना बबन त्रिभुवन**

# महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 19-0 से हराया

- जूनियर एशिया कप में सबसे बड़ी जीत
- पूजा की हैट्रिक

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान पर 19 गोल मारकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। पाकिस्तानी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। यह महिला जूनियर हॉकी में भारत की सबसे बड़ी जीत है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने गुरुवार को जूनियर एशिया कप के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने पहले हाफ में 10 और दूसरे हाफ में 9 गोल किए।

भारत की पूजा मलिक ने हैट्रिक लगाई। सानिका चंद्रकांत माने, मधु सिदार और सुप्रिया ने 2-2 गोल किए। रोशनी ऐंद ने भी 2 गोल किए।

भारत ने पूरे मैच में 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक




हासिल किया, जबकि पाकिस्तान को न पेनल्टी कॉर्नर और न ही पेनल्टी स्ट्रोक मिला।

भारत को शुरुआती पांच मिनट में 2 पेनल्टी कॉर्नर मिले, हालांकि दोनों को गोल में नहीं बदला जा सका। छठे मिनट में भारत ने गोल किया, लेकिन वीडियो रेफरल के बाद इसे रद्द कर दिया गया। इसके एक मिनट बाद भारत को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला और पूजा साहू ने 7वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। दो मिनट बाद रोशनी ऐंद ने फील्ड गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। 11वें मिनट में तनुश्री दिनेश कडू ने डिफ्लेक्शन से गोल किया। इसके बाद 13वें मिनट में पाकिस्तान के सर्कल में फाउल के कारण भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे सुखवीर कौर ने गोल में बदल दिया। इसी मिनट सानिका माने ने भी फील्ड गोल किया और पहला क्वार्टर भारत के पक्ष में 5-0 रहा।

दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने दबाव कम नहीं किया। मधु सिदार ने 16वें और गीता यादव ने 18वें मिनट में गोल किया। सानिका माने ने 23वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। इसके बाद तनुजा टोप्पो ने 25वें और पूजा मलिक ने 27वें मिनट में गोल किया। भारत ने हाफ टाइम तक 10-0 की बढ़त बना ली।

- भारत ने आखिरी क्वार्टर में 6 गोल किए

तीसरे क्वार्टर में भारत ने तीन और गोल किए। पूर्णिमा यादव ने 33वें, मधु सिदार ने 39वें और सुप्रिया ने 40वें मिनट में गोल किया। इस तरह भारत की बढ़त 13-0 हो गई। आखिरी क्वार्टर में भारत ने 6 गोल दागे। कृष्णा शर्मा ने 48वें मिनट में गोल किया। इसके एक मिनट बाद पूजा मलिक ने अपना दूसरा गोल किया और फिर 51वें मिनट में गोल कर हैट्रिक पूरी की।

**आम सूचना**

मैं श्रीमती संगीता अनिल चौरसिया सभी को सूचित कर रही हूं कि घर, पहला माला, आर्शिवाद कालोनी, बैरक नं. 1080 के पीछे, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 38बीओ007025200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती गुडिया विनोद चौरसिया के नाम पर है। उन्होंने पार्टीशन डीड दि. 4.9.2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती संगीता अनिल चौरसिया**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती गुडिया विनोद चौरसिया सभी को सूचित कर रही हूं कि घर, ग्राऊंड फ्लोर, आर्शिवाद कालोनी, बैरक नं. 1080 के पीछे, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 38बीओ007025200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती संगीता अनिल चौरसिया के नाम पर है। उन्होंने पार्टीशन डीड दि. 4.9.2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती गुडिया विनोद चौरसिया**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती सुसाना बबन त्रिभुवन सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, भीम कालोनी, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 43सीओ009743600) उक्त प्रॉपर्टी श्री बबन भिवाजी त्रिभुवन के नाम पर है। मिस निलम बबन त्रिभुवन, मिस रजनी बबन त्रिभुवन, मिस सुप्रिया बबन त्रिभुवन व श्री दीपक बबन त्रिभुवन ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 8.9.2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुसाना बबन त्रिभुवन**

**आम सूचना**

मैं श्री विशाल सुबायराम गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 39/1, समता नगर 2, कुर्ला कैम्प रोड, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 39डीओ020267100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती शकुंतला हरि दास के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 1.12.2022 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विशाल सुबायराम गुप्ता**

**संक्षेप...**

## दुष्कर्म के आरोपी युवक को अदालत ने किया बरी

**ठाणे.** जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने एक लड़की के अपहरण और उससे दुष्कर्म के आरोपी युवक को इस आधार पर बरी कर दिया कि उनके बीच का रिश्ता आपसी सहमति से था और लड़की नाबालिग नहीं, बल्कि बालिग थी. विशेष पॉक्सो अदालत के न्यायाधीश प्रेमल एस विठलानी ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी और पीड़िता के बीच प्रेम संबंध थे. अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि 14 जून 2019 को युवक ने ठाणे की रहने वाली लड़की का अपहरण कर लिया था. अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि उस समय लड़की की उम्र 17 वर्ष थी. उनके अनुसार इसके बाद आरोपी उसे उत्तर प्रदेश ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए. बाद में लड़की गर्भवती हो गई और फरवरी 2021 में उसने एक बच्चे को जन्म दिया. पॉक्सो के तहत आरोपी के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज किया गया था.

# 10 हज़ार से ज़्यादा स्टूडेंट्स के हाथों से बने बप्पा

**मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने खुद मूर्तियां बनाकर पर्यावरण बचाने का मैसेज दिया**

- **महाराष्ट्र का इको-फ्रेंडली गणेश मूर्तियां बनाने का 'गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड'**



**गणेश चतुर्थी को इको-फ्रेंडली तरीके से मनाना हम सबकी ज़िम्मेदारी है - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस**

**नवी मुंबई.** गणेश चतुर्थी की शान से ज़्यादा भक्ति और पर्यावरण बचाना ज़रूरी है, और गणेशोत्सव जैसे त्योहार को इको-फ्रेंडली तरीके से मनाना हम सबकी ज़िम्मेदारी है, जो कल्चरल हेरिटेज को बचाए रखता है, यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज यहां कही। वे वाशी में सिडको एग्ज़िबिशन और कन्वेंशन सेंटर में ऑर्गनाइज़ 'इको-फ्रेंडली महा गणेश चतुर्थी वर्कशॉप 2026' में बोल रहे थे। इस भव्य कार्यशाला में एक साथ 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने शाडू मिट्टी से पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाएं बनाकर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में महाराष्ट्र के नाम एक नया विश्व रिकॉर्ड स्वर्ण अक्षरों से दर्ज कराया।

इस ऐतिहासिक समारोह में पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री पंकजा मुंडे, वन मंत्री गणेश नाईक, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष सिद्धेश कदम, विधायक मंदा म्हात्रे, विधायक रवींद्र फाटक, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव जयश्री भोज, नवी मुंबई की महापौर सुजाता पाटिल, नवी मुंबई मनपा आयुक्त कैलाश शिंदे, ठाणे जिला कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल और कला निदेशालय के निदेशक डॉ. नितिन इंगले सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे।सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि गणेश बुद्धि के देवता हैं और हमारी संस्कृति में पर्यावरण का बहुत महत्व है। ब्रह्मांड का निर्माण करने वाले पांच तत्वों की रक्षा होने पर ही मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है।

बड़ी गणेश मूर्तियों, प्लास्टर ऑफ पेरिस और नकली रंगों से पानी के सोर्स को होने वाले नुकसान से बचने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि मूर्ति छोटी हो या बड़ी, भक्ति एक जैसी ही होती है। भगवान का आशीर्वाद मूर्ति के साइज़ पर निर्भर नहीं करता, बल्कि इस बात पर निर्भर करता है कि हम पर्यावरण और समाज की कितनी निस्वार्थ सेवा करते हैं। गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जजों ने जैसे ही रिज़ल्ट घोषित किए, मुख्यमंत्री ने हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट्स की तारीफ़ करते हुए कहा कि इस सफलता के असली पिलर वे ही हैं। साथ ही, पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे, पर्यावरण विभाग, जे. जे. स्कूल ऑफ़ आर्ट और कला निदेशालय के प्रयासों की खास तौर पर तारीफ़ की।

### पंकजा मुंडे ने खुद अपने हाथों में मूर्ति बनाई

पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि शाडू मिट्टी से बप्पा बनाने वाले इन हज़ारों स्टूडेंट्स ने खुद को 'पर्यावरण के रक्षक' के तौर पर साबित किया है। इस पहल का मुख्य मकसद संस्कृति को बचाते हुए पर्यावरण की रक्षा का यह संदेश घर-घर तक पहुंचाना है। ढोल-नगाड़ों की मंगल ध्वनि और मूर्तिकारों के मार्गदर्शन में पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। इस वर्कशॉप का मेन अट्रैक्शन यह था कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एनवायरनमेंट मिनिस्टर पंकजा मुंडे ने खुद अपने हाथों में मिट्टी लेकर गणेश की मूर्ति बनाई। राज्य के टॉप लीडरशिप को अपने साथ मूर्ति बनाते देख स्टूडेंट्स का जोश चरम पर पहुंच गया। इस पहल ने पूरे समाज को एक मज़बूत और प्रैक्टिकल मैसेज दिया कि अगर हम खुद ऐसा कर सकते हैं, तो हर परिवार भी इको-फ्रेंडली बप्पा बना सकता है। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड और एनवायरनमेंट बचाने की अलख जगाने वाला काम स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स, आर्ट के फील्ड के एक्सपर्ट्स, प्रोफेसर्स और हज़ारों गणेश भक्तों की मौजूदगी में बहुत ही जोशीले तरीके से पूरा हुआ।

# डॉल्बी और लेजर लाइट पर बैन लगे : अंनिस



**ठाणे.** नागरिकों के त्योहार मनाने के अधिकार का पूरा सम्मान करते हुए, महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति-ठाणे शहर के एक डेलीगेशन ने ठाणे जिले में भी डॉल्बी और खतरनाक लेजर लाइट पर सख्त बैन या रोक लगाने की मांग की, ताकि नागरिकों की सेहत की कीमत पर तेज आवाज वाले डॉल्बी-DJ और खतरनाक हाई-इंटेंसिटी लेजर लाइट न बजाई जाएं, यह मांग ठाणे रेजिडेंट डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर (प्रांत) संदीप माने से की गई।

इस बारे में समिति की ओर से जिला प्रशासन को एक डिटेल्ड बयान दिया गया। इस मौके पर वर्किंग प्रेसिडेंट अनिल ठाणेकर, प्रिंसिपल सेक्रेटरी अशोक मोहिते, किशोर भोईर, ठाणे नगर डिवीजन इंचार्ज दर्शना ढोले, कलवा डिवीजन इंचार्ज प्रमोद तामसे, प्रिंसिपल जयकुमार घोडके और दूसरे पदाधिकारी मौजूद थे। ठाणे जिला अलग-अलग धर्मों, पंथों, जातियों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोगों का जिला है और यहां गणेशोत्सव, नवरात्रि, दही हांडी, ईद, मुहर्रम, क्रिसमस, गुरु पूर्णिमा, अलग-अलग जयंती जुलूस और सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। हालांकि, महाराष्ट्र एनिस ने तर्क दिया कि त्योहार की खुशी दूसरे नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए खतरा नहीं होनी चाहिए। तेज डॉल्बी-डीजे साउंड सुनने की क्षमता पर असर डाल सकता है और नींद की कमी, मानसिक तनाव, ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारी से जुड़े खतरों को बढ़ा सकता है। खासकर छोटे बच्चे, सीनियर सिटिजन, बीमार लोग, गर्भवती महिलाएं, दिल की बीमारी के मरीज, स्टूडेंट और अस्पताल के मरीज इससे बहुत परेशान होते हैं।

# 15 टीचर 'आइडियल टीचर मेयर अवॉर्ड' से सम्मानित

- **टीचरों को नए आइडिया के साथ स्टूडेंट्स को दिशा देनी चाहिए – प्रो. अशोक बागवे**



**ठाणे.** टीचर्स डे के मौके पर ठाणे मनपा की तरफ से आयोजित एक प्रोग्राम में, मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने ठाणे मनपा एरिया के 15 टीचरों को 'आइडियल टीचर मेयर अवॉर्ड' से सम्मानित किया। राम गणेश गडकरी रंगायतन में हुए इस प्रोग्राम में टीचरों के एजुकेशनल काम की तारीफ की गई।मेयर शर्मिला पिंपलोलकर की अध्यक्षता में हुए इस प्रोग्राम में लीडर ऑफ द हाउस हनमंत जगदाले, चीफ गेस्ट सीनियर राइटर प्रो. अशोक बागवे, एडिशनल कमिश्नर प्रशांत रोडे, डिप्टी कमिश्नर डॉ. मिताली संचेती, डिप्टी कमिश्नर जी. जी. गोदापुरे, एजुकेशन ऑफिसर ओंकार बाजगे, अकाउंट्स ऑफिसर चांगदेव, ग्रुप ऑफिसर संगीता बामने वगैरह मौजूद थे।

मनपा एरिया से परवीन सैयद, लता देवकर, किरण इंगोले, विनीता राणे, प्रांजलि निजाई, सुनीता महाजन, विद्या जाधव, विनीता भंगाले, अख्तर अहमद, मोहम्मद शेख और सोहेल खलील के साथ-साथ प्राइवेट एडेड स्कूलों से दत्तात्रेय बिन्नर, माधुरी अलाई, कल्पना सपकाले और शोभा मोरे को आइडियल टीचर मेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा, ठाणे मनपा एजुकेशन डिपार्टमेंट की इंचार्ज ग्रुप ऑफिसर संगीता बामने, ग्रुप हेड विश्वास कोल्हे और साइंस टीचर रमेश बोरोले को स्पेशल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्रुप हेड नीलिमा पाटिल और सेंटर हेड आशा पाटे को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने कहा, "एक टीचर सिर्फ़ क्लासरूम में पढ़ाने वाला नहीं होता, बल्कि स्टूडेंट्स को सोचना, सपने देखना और नाकामी से फिर उठना भी सिखाता है। आज अवॉर्ड पाने वाले टीचर्स ने अपने काम से यह साबित किया है। यह अवॉर्ड सिर्फ़ सम्मान का बैज नहीं है, बल्कि स्टूडेंट्स के प्रति उनकी कई सालों की सच्ची मेहनत, त्याग और वफ़ादारी की पहचान है।"

- **टीचर्स को स्टूडेंट्स को नए तरीकों से गाइड करना चाहिए**

प्रो. अशोक बागवे ने टीचर्स की भूमिका पर रोशनी डालते हुए कहा कि स्टूडेंट्स की भाषा, ज़िंदगी और हालात को समझना और उन्हें सही आकार देना टीचर्स का एक ज़रूरी काम है। जो स्टूडेंट्स पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं, उन्हें वापस लाने की ज़िम्मेदारी टीचर्स की होती है, और हमेशा से अलग और नए आइडिया वाली कहानियाँ सुनाकर स्टूडेंट्स से 'क्यों?' और 'कैसे?' जैसे सवाल पूछे जाने चाहिए।

# प्रताप सरनाईक ने ओवला-माजीवाड़ा स्लम रिहैबिलिटेशन प्रोजेक्ट्स का रिव्यू किया



**ठाणे.** परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने निर्देश दिया है कि एसआरए प्रशासन ओवला-माजीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्लम रिहैबिलिटेशन प्रोजेक्ट्स में तेज़ी लाने और आम लोगों को जल्द से जल्द उनके हक के घर दिलाने के लिए ठोस और समय पर कार्रवाई करे। ओवाला-माजीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्लम रिहैबिलिटेशन स्कीम और अर्बन रीजनरेशन (क्लस्टर) स्कीम्स का आज मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी के ठाणे ऑफिस में डिटेल्ड रिव्यू किया गया। इस मीटिंग में, विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग एसआरए प्रोजेक्ट्स की प्रोजेक्ट-वाइज स्थिति, कंस्ट्रक्शन की प्रोग्रेस, एलिजिबल और इनएलिजिबल स्लम में रहने वालों के मुद्दे, डेवलपर्स द्वारा की गई कार्रवाई और प्रोजेक्ट्स में आने वाली एडमिनिस्ट्रेटिव और टेक्निकल मुश्किलों का रिव्यू किया गया। इस समय, ओवाला-मजीवड़ा विधानसभा क्षेत्र में 11 एसआरए प्रोजेक्ट्स का रिव्यू किया गया। इन प्रोजेक्ट्स में शामिल स्लम की संख्या के साथ-साथ एलिजिबल और इनएलिजिबल स्लम में रहने वालों की जानकारी ली गई।

इस मौके पर गांधीनगर, सुभाषनगर, नलपाड़ा, शिवाजीनगर, भीमनगर, साईनाथनगर, शास्त्रीनगर, पचपाखड़ी, चिरागनगर, लक्ष्मीनगर आदि प्रोजेक्ट्स का रिव्यू किया गया। जिस डेवलपर को प्रोजेक्ट के लिए परमिशन और ज़रूरी सर्टिफिकेट दिए गए हैं, वे रिहैबिलिटेशन और सेल बिल्डिंग का काम प्लान के हिसाब से पूरा करें।

मीटिंग में ठाणे मनपा एडिशनल कमिश्नर (2) प्रशांत रोडे, अथॉरिटी सेक्रेटरी कल्पना जगताप, डिप्टी चीफ इंजीनियर राजकुमार पवार, फाइनेंस कंट्रोलर कंचन तावड़े, कॉम्पिटेंट अथॉरिटी मीनल पलांडे, कॉम्पिटेंट अथॉरिटी अश्विनी पाटिल, डिप्टी कमिश्नर दीपक झिंजाड़, असिस्टेंट डायरेक्टर कुणाल मुले, तहसीलदार दिनेश पैठणकर और विभाग के दूसरे सीनियर अधिकारी, टाउन प्लानिंग और क्लस्टर डिपार्टमेंट के अधिकारी शामिल हुए।

### भोले भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

**भिवंडी.** कॉप आली स्थित प्राचीनतम श्रीरामेश्वर मंदिर में सावन मास के आखिरी दिन मनपा सह आयुक्त विठ्ठल डाके ने बाबा भोले शंकर के चरणों में पुष्प,जल अर्पित कर शहर के समग्र विकास सुख, समृद्धि की करबद्ध प्रार्थना की. उक्त अवसर पर रामेश्वर मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी अशोककुमार फडतरे सहित सयाजी मोरे, भूषण रोकडे, लक्ष्मण लगड, दादा गोसावी, विश्वास थले, अशोक खामकर, वासुदेव खामकर व रामेश्वर मंदिर भक्तगण भारी संख्या मेंउपस्थित थे.रामेश्वर मंदिर के तमाम गणमान्य लोगों ने मनपा सह आयुक्त विठ्ठल डाके को पुष्प गुच्छ,शाल प्रदान कर सम्मान कर मंदिर की गौशाला दिखाई. प्रमुख ट्रस्टी फड़तरे ने भोले बाबा मंदिर प्रांगण की समस्याओं से अवगत कराया जिसका समाधान प्राथमिकता से किए जाने के लिए सह आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया.

# आईफोन 18 के लॉन्च इवेंट में पहुंची तृप्ति डिमरी



- **एपी ढिल्लों भी नजर आए**
- **एपल के सीईओ जॉन टर्नस से मुलाकात की**

एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और सिंगर एपी ढिल्लों बुधवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित क्यूपर्टिनो पहुंचे। दोनों ने यहां आयोजित एपल के आईफोन 18 लॉन्च इवेंट में हिस्सा लिया। इस खास कार्यक्रम में तृप्ति और एपी ढिल्लों को नए आईफोन 18 प्रो मॉडल देखने का मौका मिला। इस दौरान एपल के सीईओ जॉन टर्नस ने दोनों से मुलाकात की। उन्होंने सेलेब्स को नए आईफोन के फीचर्स भी दिखाए।

इवेंट में तृप्ति डिमरी रेड कोट और डेनिम में नजर आईं। वहीं एपी ढिल्लों ग्रे जैकेट में दिखाई दिए। तृप्ति डिमरी लाइव स्ट्रीमर आईशोस्पीड की लाइवस्ट्रीम में भी कुछ देर नजर आईं।

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में जॉन टर्नस को दोनों भारतीय कलाकारों से बातचीत करते देखा जा सकता है। इस दौरान उन्होंने नए आईफोन के बारे में भी जानकारी दी।

### एपल ने पहला फोल्डेबल आईफोन डुओ लॉन्च किया

एपल ने बुधवार रात लॉन्च इवेंट 'सरप्राइज एंड शाइन' में अपने पहले फोल्डेबल फोन आईफोन डुओ के साथ 6 डिवाइस लॉन्च किए। आईफोन डुओ में 5.4-इंच का कवर डिस्प्ले और अंदर 7.6-इंच की मेन स्क्रीन है, जो अब तक के किसी भी आईफोन का सबसे बड़ा डिस्प्ले है।

आईफोन डुओ में पहली बार डुअल-बैटरी सिस्टम दिया गया है। इसमें फिजिकल सिम कार्ड नहीं लगेगा, यानी यह केवल ई-सिम पर चलेगा।

डुओ एपल का अब तक का सबसे महंगा आईफोन है। इसकी शुरुआती कीमत करीब 3 लाख रुपए है, जबकि टॉप मॉडल की कीमत 4.50 लाख रुपए तक जाती है। भारत में इसकी बुकिंग 16 अक्टूबर से और बिक्री 23 अक्टूबर से शुरू होगी।

साथ ही एपल ने इस बार आईफोन 18 सीरीज में सिर्फ प्रीमियम मॉडल 18 प्रो और 18 प्रो मैक्स लॉन्च किए हैं। इनमें सबसे खास मेन कैमरा है, जिसमें प्रोफेशनल DSLR कैमरे वाली टेक्नोलॉजी दी गई है।

आईफोन 18 प्रो की शुरुआती कीमत 1,64,900 लाख रुपए और आईफोन 18 प्रो मैक्स की 1,79,900 रुपए है। इनकी बुकिंग 12 सितंबर से और बिक्री 18 सितंबर से शुरू होगी। इनके अलावा, इवेंट में एयरपॉड्स 5, एपल वॉच सीरीज 12 और वॉच अल्ट्रा 4 भी आए हैं।


**आम सूचना**

मैं श्री जीजाबा दाजीराम पवार सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 25, 60 चौ.फुट, 1ला माला, जय अंबे मां शॉपिंग सेंटर, बैरक नं. 322, रुम नं. 10-11, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 21बीआय016540500) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनोहरलाल नोतनदास के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.1.2019 सी.नं. 320 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जीजाबा दाजीराम पवार**

**आम सूचना**

मैं श्री जीजाबा दाजीराम पवार सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 17, 60 चौ.फुट, 1ला माला, जय अंबे मां शॉपिंग सेंटर, बैरक नं. 322, रुम नं. 8-9, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 21बीआय016554800) उक्त प्रॉपर्टी श्री जीतेंद्र मनोहरलाल रामरख्याणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.1.2019 सी.नं. 317 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जीजाबा दाजीराम पवार**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती शिल्पा जीजाबा पवार सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 16, 100 चौ.फुट, 1ला माला, जय अंबे मां शॉपिंग सेंटर, बैरक नं. 322, रुम नं. 8-9, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 21बीआय016554700) उक्त प्रॉपर्टी श्री जीतू मनोहरलाल व श्री मनोहरलाल नोतनदास के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.1.2019 सी.नं. 314 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती शिल्पा जीजाबा पवार**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती चांदनी जयप्रकाश ओचाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप, रुम नं. 6, बैरक नं. 1402, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 41सीआय013415300(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री परशोत्तम नेभनदास मनवाणी से और श्री दिलीप अर्जनदास हीराणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 29.8.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती चांदनी जयप्रकाश ओचाणी**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती मीना रमेश हीरवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, 224 चौ.फुट और खुला प्लाट, 50 चौ.फुट, बैरक नं. 262 के पास, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 18बीआय016023100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती स्नेहा रोहित नारंग के नाम पर है। उनसे रिलीज एग्रीमेंट दि. 2.9.2026 सी.नं. 738 द्वारा मैंने प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मीना रमेश हीरवाणी**

**आम सूचना**

हम श्री द्वारिका कौलेश्वर यादव व श्री उमेश मनोहर जाधव सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, 560 चौ.फुट, कुर्ला कैम्प, ब्लॉक नं. ए-360 के पास, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 39डीओ008551000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कौशल्या गुरमुख लबाणा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.2.2022 सी.नं. 1452 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्यथा 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री द्वारिका कौलेश्वर यादव व**

**आम सूचना**

मैं श्री अताउल्लाह हमीद खान सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 297 चौ.फुट, राजीव गांधी नगर, ए ब्लॉक के पीछे, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ015104600) उक्त प्रॉपर्टी श्री संजय गोपीनाथ बेनबांशी व श्रीमती कतवारी चंद्रबली बेनबांशी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.9.2026 सी.नं. 746 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अताउल्लाह हमीद खान**

**आम सूचना**

मैं श्री सयअली शेख सभी को सूचित कर रहा हूं कि आधा हिस्सा रुम का, नार्थ साईड, 200 चौ.फुट, इंदिरा गांधी कालोनी, ए ब्लॉक रोड, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ015067100) उक्त प्रॉपर्टी श्री असलाम मोहम्मद सय्यीद शेख के नाम पर है। उन्होंने पार्टीशन डीड दि. 7.9.2026 सी.नं. 615 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सयअली शेख**

**आम सूचना**

मैं श्री असलम मोहम्मद सय्यद शेख सभी को सूचित कर रहा हूं कि आधा हिस्सा रुम का, साऊथ साईड, 200 चौ.फुट, इंदिरा गांधी कालोनी, ए ब्लॉक रोड, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ015067100) उक्त प्रॉपर्टी श्री सय्यद अली शेख के नाम पर है। उन्होंने पार्टीशन डीड दि. 7.9.2026 सी.नं. 617 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री असलम मोहम्मद सय्यद शेख**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती सुशीला रविंद्रनाथ तिवारी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 302, 3रा माला, रतन अपार्टमेंट, रुम नं. 3 से 8, और 1/2 आफ रुम नं. 9, बैरक नं. 405, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 08एआय014823600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती पूजा विनोद दासवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 27.1.2026 सी.नं. 53 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुशीला रविंद्रनाथ तिवारी**

**आम सूचना**

हम श्री नितेश सिंघ थापा व श्रीमती मीना सुरेश सिंघ थापा सभी को सूचित कर रहे हैं कि रहवासी जगह, रुम, हनुमान टेकड़ी, पोर्शन, 305 चौ.फुट, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ009068100) उक्त प्रॉपर्टी श्री ईश्वरचंद गेनालाल जयसवाल व श्री ईशनारायण गेनालाल के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 18.3.2026 सी.नं. 1027/2026 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्यथा 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**आम सूचना**

हम श्री रफीक युसुफ खान व श्रीमती कमरुनिस्सा रफीक खान सभी को सूचित कर रहे हैं कि पोर्शन आफ शॉप नं. 1 (ग्राऊंड+1ला माला) रुम नं. 6, बैरक नं. 1977, सामने गौशाला, ए वन चक्की के पास, सामने बैरक नं. 2002, रुम नं. 20, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 56डीआय013319800) उक्त प्रॉपर्टी श्री शंकर थांवरदास बसवाणी और श्री नवीन अमरलाल तुलसाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 18.6.2026 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्यथा 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रफीक युसुफ खान व**
**श्रीमती कमरुनिस्सा रफीक खान**


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099